# नरैना कलॉ में दूर संचार विभाग की केबिल डालने के कारण पांच स्थानों पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से 24 गॉवों में पेयजल आपूर्ति ठप होने की शिकायत के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की कार्यवृत्त

**अध्यक्षता :** जिलाधिकारी, मीरजापुर।
**तिथि :** 31.01.2026
**समय :** अपरान्ह् 03:00 बजे
**स्थान :** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, मीरजापुर।
**उपस्थिति :** अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर।
मण्डल अभियन्ता, भारत नेट, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।
अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
जिला पंचायत राज अधिकारी, मीरजापुर।
श्री अरूण प्रभाकर, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
श्री चन्द्रकान्त गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, भारत नेट, वाराणसी।
श्री रंजन सिंह परमार, डी0पी0एम0 (टी0पी0आई0), मीरजापुर।
श्री शशांख शेखर, सपोर्ट इंजीनियर (पी0एम0सी0), मीरजापुर।
श्री सुनील कुमार, परियोजना प्रबन्धक कार्यदायी संस्था, एन0सी0सी0 लिमिटेड।

सर्वप्रथम बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर द्वारा अवगत कराया गया कि हिन्दी दैनिक समाचार पत्र ''अमर उजाला'' में प्रकाशित **''नरैना कला में पांच स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, 24 गांवो की पेयजल आपूर्ति ठप''** शीर्षक के सम्बन्ध में स्थानीय ग्रामीणों ने दूरसंचार विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मरम्मत में सहयोग न करने तथा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक करने हेतु सम्बन्धित विभाग की उदासीनता से बाधा उत्पन्न होने का कथन किया गया है। उपरोक्त से परिलक्षित होता है कि नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से सम्बन्धित बिछाई गई पाइप हेतु सम्बन्धित संस्था/जल निगम विभाग/पंचायतीराज विभाग द्वारा आपसी समन्वय स्थापित न होने से निरन्तर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचनायें प्राप्त होती रहती है।

मण्डल अभियन्ता, भारत नेट, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत नेट के तहत 5जी केबिल बिछाये जाने का कार्य आर0वी0एन0एल0 संस्था द्वारा किया जा रहा है। उक्त केबिल बिछाये जाने के दौरान विगत 04 दिन पूर्व नरैना कलॉ में कुल 08 स्थानों पर जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाईप लाइन के क्षतिग्रस्त होने की सूचना डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, भारत नेट के माध्यम से प्राप्त हुई है। उपरोक्त पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के फलस्वरूप वर्तमान में कार्य बन्द कर दिया गया है।

परियोजना प्रबन्धक कार्यदायी संस्था, एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि पम्प कैनाल के पास पाइप लाइन क्षतिग्रस्त किया गया। पम्प कैनाल बन्द होने के उपरान्त कैनाल का पानी सूख जाने के बाद मरम्मत कार्य कराया जायेगा। मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री/मशीनरी मंगा लिया गया है। 02 दिनों में उपरोक्त मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा तथा यह भी अनुरोध किया गया कि भविष्य में विकास खण्ड-लालगंज व हलिया में यदि कही भी केबिल बिछाये से सम्बन्धित के दौरान यदि जल जीवन मिशन की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो क्षतिपूर्ति भारत नेट द्वारा किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

**अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों/अभियन्ताओं/ कार्यदायी संस्थाओं को निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया :-**

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर को निर्देशित किया जाता है कि जनपद स्तर पर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु बने व्हाट्एप ग्रुप पर भारत नेट/आर0वी0एन0एल0 संस्था से सम्बन्धित अभिन्ताओं/अधिकारियों को जोड़ा जाए।
2. मण्डल अभियन्ता, भारत नेट, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी को निर्देशित किया जाता है कि जनपद मीरजापुर में आपके विभाग अथवा कार्यदायी संस्था आर0वी0एन0एल0 द्वारा जहॉ भी 5जी केबिल बिछाये जाने का कार्य किया जाना है उसके 03 दिन पूर्व जल जीवन मिशन के व्हाट्एप ग्रुप पर अवगत कराया जायेगा।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर एवं मण्डल अभियन्ता, भारत नेट, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए 5जी केबिल बिछाये जाने वाले क्षेत्र का सम्बन्धित अभियन्ताओं/कार्यदायी संस्थाओं के साथ स्थलीय निरीक्षण करते/कराते हुए ही कार्य कराया जायेगा।
4. मण्डल अभियन्ता, भारत नेट, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी को निर्देशित किया जाता है कि रात्रि के समय कदापि केबिल बिछाये जाने का कार्य न किया जाए।
5. यदि भविष्य में जल जीवन मिशन की पाईप लाइन की क्षति केबिल बिछाये जाने से होगी, तो इसकी क्षतिपूर्ति सम्बन्धित संस्था भारत नेट/आर0वी0एन0एल0 द्वारा किया जायेगा।

अतः उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन न करने वाली अभियन्ताओं/अधिकारियों/ संस्था के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(पवन कुमार गंगवार)
जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी, मीरजापुर।

पत्रांक-1066 /आ0लि0-नमामि गंगे-2026 दिनांक 03 फरवरी, 2026

---000---

प्रतिलिपि- <u>निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u>।

1. आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर।
4. मण्डल अभियन्ता, भारत नेट, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, मीरजापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. टीम लीडर, (टी0पी0आई0/पी0एम0सी0), मीरजापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. समस्त परियोजना प्रबन्धक, कार्यदायी संस्था, जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट, मीरजापुर।

जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

Scanned with CamScanner